-प्रेस नोट-

जनपद-मीरजापुर

दिनांक-20.09.2021

थाना हलिया पुलिस द्वारा चोरी के अभियोग से सम्बन्धित 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार—

अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना हलिया पुलिस द्वारा चोरी के अभियोग से सम्बन्धित 02 वांछित अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया। आज दिनांक 20.09.2021 को थाना हलिया क्षेत्रान्तर्गत महुगढ़ी निवासी अभिषेक पुत्र अशोक कुमार द्वारा नामजद अभियुक्तो के विरूद्ध चोरी करने के सम्बन्ध अभियोग पंजीकृत कराया गया था। उक्त अभियोग की विवेचना एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में त्वरित कार्यवाही करते हुए उ0नि0 भरतलाल पाण्डेय चौकी प्रभारी ड्रमण्डगंज मय हमराह हे0का0 संजीत कुमार, हे0का0 सरफराज खान द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर महुगढ़ तिराहा के पास से वांछित अभियुक्त 1-जयशंकर पुत्र कैलाश, 2-अनिल पुत्र प्रेम निवासीगण महुगढ़ी थाना हलिया मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से पंजीकृत उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित एक जोड़ी पायल व एक जोड़ी बिछिया(सफेद धातु) बरामद कर, गिरफ्तार अभियुक्तों को मा0न्यायालय/जेल भेजा गया।